>

Title: Need to undertake electrification of all the villages and provide transformers of suitable capacity and more electric points to all the BPL families in Giridih, Bokaro and Dhanbad in Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): झारखंड के कई जिलों में राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य गुणवत्तापूर्ण और विद्यमान प्रसाधनों के अनुकूल नहीं हो रहा है। कई गांवों में विद्युतीकरण हुआ है एवं उनके समीप के गांवों को इस योजना से वंचित रखा गया है। इस योजना के अंतर्गत गांवों के सारे ट्रांसफार्मर और एल.टी.लाईन 3 फेज, 25 केवीए का होना चाहिए, इसके विपरीत 16 केवीए और 10केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करा रहा है। जो किसानों एवं गरीब जनता के लिये उपयोगी नहीं है। बी.पी.एल. परिवार को केवल 40 वाट का बल्व जलाने का प्रावधान है, जो कि उनके लिये पर्याप्त नहीं है।

आजादी के 66 वर्षों के बाद भी हम गरीबों और गांव के किसानों को रोशनी देने में असमर्थ रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत समीप के सारे गांवों का विद्युतीकरण कराने हेतु आवश्यक निर्देश जारी किए जाने चाहिए। हमने इसके संदर्भ में सरकार का ध्यान कई बार आकृष्ट करवाया लेकिन अभी तक यह अमल में नहीं लाया गया है।

अतः सरकार से आग्रह है कि उक्त विद्युतीकरण योजना में 3 फेज की लाईन लगवाई जाए एवं बी.पी.एल. सूची में आने वाले परिवारों को 40 वाट के तीन कनेक्शन दिए जाए। खासकर मेरे संसदीय क्षेत्र गिरिडीह, बोकारो एवं धनबाद में उक्त वर्णित कार्य को अतिशीघ्र क्रियान्वित करने के निर्देश जारी करने की मेरी भारत सरकार से मांग है।